आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 275 | उज्जैन, सोमवार 25 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# ग्वालियर के पर्यटन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा नया आयाम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं से निवेशकों को करायेंगे अवगत



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में 29 एवं 30 अगस्त को होने वाली रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में निवेशकों से रू-ब-रू होकर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं से अवगत करा कर सीधा संवाद भी करेंगे। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियरङ्कचंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव होगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की विशेष उपस्थिति होगी।

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। इससे ग्वालियर के पर्यटन श्रेत्र में निवेश को नया आयाम मिलेगा। ÷टाइमलेस ग्वालियर- इकोज़ ऑफ़ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी÷ थीम पर केन्द्रित यह कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (स्व्र) प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एमओयू एवं अनुबंध भी होंगे। इन परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को पर्यटन आधारित रोजगार प्राप्त होगा और क्षेत्रीय पर्यटन को स्थायित्व के साथ बल मिलेगा।

## गुजरात में दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, छह हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। वह अहमदाबाद, गांधीनगर और मेहसाणा में लगभग छह हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह अहमदाबाद में एक रोड शो भी करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने बताया कि अहमदाबाद में पीएम मोदी 916 करोड़ रुपये की परियोजना का उद्घाटन, जबकि 2209 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। उत्तर गुजरात बिजली बोर्ड की 608 करोड़ रुपये की लागत से बिजली वितरण प्रणाली और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झुग्गी बस्तियों का विकास किया जाएगा।

1624 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन वाला सरदार पटेल रिंग रोड प्रोजेक्ट भी शुरू किया जाएगा। वह गांधीनगर में 555 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। बिजली वितरण परियोजना और पेथापुर व रंधेजा में जल आपूर्ति लाइनों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही राज्य स्तरीय डेटा स्टोरेज सेंटर और स्टार्म वाटर इंफ्रास्ट्रक्चर की आधारशिला भी रखी जाएगी।

## IB में बिताए 30 साल, CRPF के महानिदेशक भी रहे... कौन हैं अनीश दयाल, जिन्हें सरकार ने बनाया डिप्टी NSA



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। नए डिप्टी एनएसए को आंतरिक मामलों को संभालने का दायित्व सौंपा गया है। दरअसल, अनीश दयाल सिंह मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी दिसंबर 2024 में रिटायर हुए। बता दें कि वह इस भूमिका में व्यापक अनुभव लेकर आए हैं।

सीआरपीएफ के महानिदेशक भी रहे- बता दें कि अनीश दयाल सिंह ने इससे पहले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का नेतृत्व भी किया है। उससे पहले इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में लगभग 30 वर्षों तक सेवा की है। वहीं, हाल के दिनों में ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नेतृत्व किया है।

जानकारी के अनुसार, अनीश दयाल सिंह उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद सहित देश के आंतरिक मामलों के प्रभारी होंगे।

# अल्जीरिया के लिए रवाना हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली विदेश यात्रा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अल्जीरिया की चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को रवाना हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करना है।

इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देश के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाना है। जनरल द्विवेदी अल्जीरिया के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे, जिसमें दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह यात्रा साझा सुरक्षा हितों, क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करेगी।

स्कूल ऑफ कमांड एंड मेजर स्टाफ का भी करेंगे दौरा- जनरल द्विवेदी अल्जीरिया के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें जनरल सईद चानेगृहा और लेफ्टिनेंट जनरल मोस्टेफा स्मैली शामिल हैं। वह स्कूल ऑफ कमांड एंड मेजर स्टाफ और चेरचेल मिलिट्री अकादमी जैसे प्रमुख सैन्य संस्थानों का भी दौरा करेंगे।

बता दें कि भारत और अल्जीरिया ने नवंबर में सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पिछले साल अक्टूबर में अल्जीरिया का दौरा किया था और अल्जीरिया की स्वतंत्रता की 70वीं वर्षगांठ में भाग लिया था।

## मैं तो धर्ड आकर भी सीजेआई बना..., बीआर गवई ने छात्रों को दिया खास संदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को गोवा में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गोवा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में दिए एक भाषण में अपने कॉलेज के दिनों को याद किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यपालिका से जुड़े तमाम विषयों पर अपनी बातों को रखा।

कार्यक्रम में अपना संबोधन देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यपालिका में जज की भूमिका निभाने की इजाजत देना संविधान में निहित सेपरेशन ऑफ पावर के सिद्धांत को कमजोर करने का काम करता है।

बुलडोजर एक्शन पर कही ये बात- इस दौरान उन्होंने देश में बढ़ रहे बुलडोजर एक्शन पर भी अपनी बातों को रखा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हाल के दिनों में सुनाए गए फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि हमने कार्यपालिका को जज बनने से रोकने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं। संविधान, न्यायपालिका और विधायिका के बीच सेपरेशन ऑफ पाव को मान्यता देता है। अगर कार्यपालिका को यह अधिकार दिया गया तो वह संवैधानिक ढांचे को गहरी चोट पहुंचाएगा। किसी के दबाव में नहीं लिए जाते हैं फैसले- वहीं, क्रीमी लेयर और अनुसूचित जाति में उप-वर्गीकरण पर अपने विवादास्पद फैसले का भी सीजेआई ने यहां पर जिक्र किया। उन्होंने कहा इस फैसले की तो मेरी ही कम्यूनिटी के लोगों ने कड़ी आलोचना की। हालांकि, मैंने हमेशा से मानता हूं कि फैसला जनता के इच्छाओं और किसी के दबाव पर नहीं लिया जाता है।


## भारत की उपलब्धि पर अमेरिकी इंफ्लुएंसर ने उठाए सवाल, मिला करारा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी इंफ्लुएंसर को भारत की उपलब्धियों पर सवाल खड़े करना भारी पड़ गया। भारतीय उद्यमी ने हालिया उपलब्धियों का उदाहरण देते हुए इंफ्लुएंसर से अपना सामान्य ज्ञान बेहतर करने को कहा।

चार्ल्स हेवुड नाम के अमेरिकी इंफ्लुएंसर और ब्लागर ने इंटरनेट मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि क्या किसी भारतीय ने आज के दौर में किसी भी क्षेत्र में कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल की है? मुझे तो कोई याद नहीं आ रहा और न ही ग्रोक (एक्स के एआइ) इस बारे में कुछ बता पा रहा है।

# दुश्मन भी खाएगा खौफ, भारत ने नई वायु रक्षा प्रणाली का किया सफल परीक्षण; राजनाथ सिंह ने बताई खासियत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना लगातार स्वदेशी तकनीक से विकसित देशों से लैस हो रही है। अब इसी कड़ी में एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला उड़ान परीक्षण किया।

यह परीक्षण पूरी तरीके से सफल रहा। जानकारी के अनुसार, ये परीक्षण डीआरडीओ ने 23 अगस्त 2025 को लगभग 12-30 बजे ओडिशा के तट पर किया।

बता दें कि आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (क्यूआरएसएएम), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति वाली लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने दी बधाई- इस परीक्षण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 23 अगस्त 2025 को लगभग 12-30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। IADWS एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली मिसाइलें और एक उच्च शक्ति लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार शामिल हैं।

मैं IADWS के सफल विकास के लिए DRDO, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई देता हूँ। इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों के विरुद्ध महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए क्षेत्रीय रक्षा को मजबूत करेगा।

# ब्रिटेन में अपराधी अब नहीं जा पाएंगे पब; स्पोर्ट्स और सिंगिंग कार्यक्रम में भी लगेगा बैन; नकेल कसने की तैयारी में सरकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए नए दंडात्मक अधिकारों के तहत, अपराधियों को पब, संगीत समारोहों और खेल, मैचों में शामिल होने से रोका जाएगा। इन दंडात्मक अधिकारों से दंड का दायरा और व्यापक हो जाएगा।

नए उपायों के तहत, देश के जज अपराधियों की स्वतंत्रता को सीमित कर सकेंगे और उन्हें ड्राइविंग सीमा, यात्रा प्रतिबंध और प्रतिबंध क्षेत्रों में सीमित कर सकेंगे। नए उपायों के तहत, उन्हें विशिष्ट क्षेत्रों से दूर रखा जाएगा।

दोबारा अपराध रोकना मकसद- मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस ने कहा कि ये बदलाव कम्यूनिटी पनिशमेंट को और सख्त बनाएंगे जिससे दोबारा अपराध करने से रोका जा सके और अपराधियों को फिर से सीधे रास्ते पर लाया जा सके।

सजा का दायरा बढ़ेगा- ब्रिटेन की न्याय सचिव शबाना महमूद ने कहा, जजों के लिए उपलब्ध सजा का दायरा बढ़ाना अपराध कम करने और सड़कों को सुरक्षित बनाने की हमारी परिवर्तन योजना का हिस्सा है। जब अपराधी समाज के नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें सजा दी जानी चाहिए।÷

सजा काट रहे लोगों की स्वतंत्रता पर भी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इन नई सजाओं का मकसद सभी अपराधियों को यह याद दिलाना है कि इस सरकार में अपराध के लिए कोई जगह नहीं है।

अपराधियों का होगा ड्रग टेस्ट- उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने वाले और प्रोबेशन सर्विस की निगरानी में आने वाले अपराधियों को भी इसी तरह के प्रतिबंधों और अनिवार्य ड्रग परीक्षण व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा। भविष्य में, न केवल ड्रग्स के सेवन के इतिहास वाले अपराधियों को, बल्कि उन अपराधियों को भी इस जांच का सामना करना पड़ेगा जिनकी नशीली दवाओं की आदत नहीं है।

# ट्रंप को चेतावनी और भारत को नसीहत... अमेरिका के टैरिफ वॉर के बीच निक्की हेली ने अब क्या कहा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ का एलान किया। ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया है। ट्रंप के इस फैसले की अमेरिका में भी आलोचना की जा रही है।

इन सब के बीच संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल खरीद के मामले पर यूएस राष्ट्रपति से बात करनी चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने भारत को नसीहत भी दे दी। हालांकि, साथ उन्होंने ट्रंप को भी चेताया है।




जानिए क्या बोलीं निक्की हेली- अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिका की पूर्व राजदूत ने एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए और व्हाइट हाउस के साथ मिलकर समाधान निकालना चाहिए।

उन्होंने लिखा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के बीच दशकों से चली आ रही दोस्ती और भरोसा मौजूदा मतभेदों से आगे बढ़ने की मजबूत नींव है।

पहले भी दे चुकीं हैं चेतावनी- बता दें कि इससे पहले भी निक्की हेली ने चेतावनी दी थी। उस वक्त उन्होंने दावा किया था कि भारत और अमेरिका के संबंध एक नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। उन्होंने एक लेख में कहा था कि रूस से तेल खरीदने और टैरिफ विवाद को दोनों देशों के रिश्तों में स्थायी दरार का कारण नहीं बनने देना चाहिए।

## पुतिन से मुलाकात के बाद बदले ट्रंप के तेवर, दो हफ्ते में रूस पर लगेगा प्रतिबंध?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि दो हफ्ते में उन्हें पता चल जाएगा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के उनके प्रयास में प्रगति संभव है या नहीं। उन्होंने फिर रूस पर प्रतिबंध लगाने की संभावना जताई।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि शांति स्थापना के प्रयासों के किसी भी पहलू से वह खुश नहीं हैं। एक हफ्ते पहले ही ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वार्ता की थी। वह अभी तक उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए सहमत नहीं कर पाए हैं।

क्या कदम उठाएंगे ट्रंप- ट्रंप ने कहा, उनमें बहुत अधिक नफरत है। लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। मुझे लगता है कि दो हफ्ते में हमें पता चल जाएगा कि मैं किस राह पर जा रहा हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह तभी तय करेंगे कि बड़े प्रतिबंध लगाने हैं या कुछ नहीं करना है और उनसे कहना है कि यह आपकी लड़ाई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि रूस-अमेरिका संबंधों में उन्हें उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। एक परमाणु अनुसंधान केंद्र के दौरे के दौरान पुतिन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के आने से मुझे उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी है।

## मौसम विभाग ने पाकिस्तान में जारी किया रेड अलर्ट, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन की चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में बारिश ने तबाही मचा रखी है। अबतक 788 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 1,018 लोग घायल हुए है। बुनेर और स्वात में बाढ़ से हुई तबाही के बाद 60 प्रतिशत परिवारों की आजीविका छिन गई है।

गिलगित-बाल्टिस्तान में ग्लेशियर फटने से भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण 300 घर और दर्जनों दुकानें नष्ट हो गई हैं। इस बीच, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को पाकिस्तान के कई इलाकों में 30 अगस्त तक भारी मानसूनी बारिश और भूस्खलन की रेड अलर्ट चेतावनी जारी की है।

कौन-सा इलाका हुआ सबसे ज्यादा प्रभावित

भारी बारिश के कारण खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। एनडीएमए ने प्रशासन से तैयार रहने कहा है। एनडीएमए ने कहा कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली तेज मानसूनी हवाओं के 22 अगस्त से प्रवेश करने की संभावना है।

## अफगानिस्तान से जाते वक्त अमेरिका छोड़ गया था हथियार, अब पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा तालिबान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान ने अमेरिका से कहा है कि वह अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियार वापस ले। ये हथियार आतंकवादियों के हाथों में जा रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। अफगानिस्तान से वापसी के दौरान बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार वहीं छूट गए थे।

पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अमेरिकी हथियारों का अनियंत्रित प्रसार पाकिस्तान की स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन द्वारा अनुमानित सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी हथियारों के भंडार में बख्तरबंद वाहन, उन्नत आग्नेयास्त्र, बायोमीट्रिक सिस्टम और अन्य संवेदनशील उपकरण शामिल हैं।

पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हो रहा इस्तेमाल- माना जाता है कि इनमें से कई हथियार पाकिस्तानी तालिबान द्वारा जब्त कर लिए गए और अब पाकिस्तान सेना के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। खोस्त और पक्तिका जैसे अफगान के ब्लैक मार्केट में अमेरिका निर्मित हथियारों की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक एम4 राइफल 4,200 डॉलर से अधिक में बिकती है, जबकि एक एम16 राइफल 1,400 डॉलर में बिकती है।

## युद्ध खत्म कराने में भूमिका निभाए भारत, यूक्रेनी राजदूत बोले- बातचीत के जरिये समस्याओं का निकले हल




नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए भारत और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाए, क्योंकि यूक्रेन शांति वार्ता में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है। रूस का पुराना सहयोगी होने के चलते भारत यह कार्य कर सकता है। यह बात भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कही है।

रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत तटस्थ नहीं- यूक्रेन के नेशनल फ्लैग डे पर साक्षात्कार में पोलिशचुक ने कहा कि भारत के साथ उनके देश की बातचीत 2023 से बढ़ी है। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत तटस्थ नहीं है, भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत के जरिये समस्याओं को सुलझाने का समर्थन करता है।भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद यूक्रेन ने युद्ध खत्म कराने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और अब शांति वार्ता में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है।

यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश की- इस बीच युद्ध में शनिवार को यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश की। इसके चलते मॉस्को और उसके आसपास के शहरों का हवाई यातायात कई घंटे रुका रहा। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने मॉस्को पहुंचने से पहले इन ड्रोन को मार गिराया। इस दौरान किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

यूक्रेनी हमले से हंगरी, स्लोवाकिया की तेल आपूर्ति ठप- रूस के तेल आपूर्ति तंत्र पर गुरुवार रात यूक्रेन के हमले से हंगरी और स्लोवाकिया की तेल आपूर्ति कम से कम पांच दिनों के लिए ठप हो गई।

## गाजा में इजरायल के भीषण हमले जारी, हवाई हमले में 33 फलस्तीनियों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा पट्टी में बेघर और भूखे-प्यासे फलस्तीनियों पर इजरायली हमले जारी हैं। टेंट में रह रहे और खाना लेने गए लोगों पर हवाई हमले और फायरिंग में शनिवार को 33 लोग मारे गए।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा सबसे बड़े शहर गाजा सिटी और उसके आसपास के इलाके को अकालग्रस्त घोषित किए जाने के बाद इजरायली सेना ने यह कार्रवाई की है।

हवाई हमले में 17 लोग मारे गए- नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने गाजा पर कार्रवाई को लेकर इजरायल पर प्रतिबंध लगाने में सरकार के विफल रहने के बाद इस्तीफा दे दिया है। शनिवार तड़के खान यूनिस शहर के बाहर लगे विस्थापितों के टेंट पर हुए हवाई हमले में 17 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। मारे गए लोगों में आधी संख्या महिलाओं और बच्चों की है।

मारे गए दो बच्चों के चाचा अवाद अबू अगला ने कहा कि गाजा में कोई भी जगह और कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। सभी जगह बमबारी हो रही है। जबकि उत्तरी गाजा में जिकिम क्रासिंग के निकट खाना लेने गए लोगों पर फायरिंग में पांच लोग मारे गए हैं। अन्य स्थानों पर हुए इजरायली हमलों में 11 लोग मारे गए हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि सैनिकों के लिए खतरा पैदा होने पर हवाई फायरिंग की गई थी। किसी को निशाना बनाकर गोली नहीं चलाई गई। कुछ वर्षों पहले इजरायल को मान्यता देने वाले अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने गाजा की स्थिति और वेस्ट बैंक को बांटने की इजरायली योजना की कड़ी निंदा की है।

# धर्मस्थल मामले में फिर नया मोड़, गिरफ्तार चिन्नय्या की पूर्व पत्नी आई सामने



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के मेंगलुरू में धर्मस्थल में सामूहिक लाशों को दफनाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। लाशों को सामूहिक दफनाने का दावा करने वाले सी एन चिन्नय्या की गिरफ्तारी के बाद अब उसकी पूर्व पत्नी कैमरे के सामने आई है। चिन्नय्या को एसआईटी ने शनिवार को गिरफ्तार किया था।

सी एन चिन्नय्या की पूर्व पत्नी ने सार्वजनिक रूप से उस पर आदतन झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उसने कहा शायद उन्होंने पैसे कमाने के लिए सामूहिक दफनाने की कहानी गढ़ी थी।

चिन्नय्या, आदतन झूठा- पूर्व पत्नी का दावा- नागमंगला में नगर निगम काम करने वाली रत्नम्मा ने बताया कि उनकी शादी 1999 में चिन्नय्या से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं एक बेटी और एक बेटा और 2006 में उनका तलाक हो गया। उन्होंने दावा किया कि चिन्नय्या, जिसे भीमा के नाम से भी जाना जाता है, उसने उनके साथ मारपीट की थी। रत्नम्मा ने आगे बताया कि तलाक की कार्यवाही के दौरान भी उन्होंने अदालत में झूठ बोला था कि वे बेरोजगार हैं, ताकि वे गुजारा भत्ता देने से बच सकें।

पैसे कमाने के लिए विवाद- रत्नम्मा ने कहा, चिन्नय्या ने न तो कभी दुष्कर्म या हत्या की किसी घटना के बारे में बात की, न ही सामूहिक दफन के बारे में। उसे शक है कि चिन्नय्या ने शायद पैसे कमाने के लिए विवाद खड़ा करने की कोशिश की होगी।

पिता की मौत के बाद धर्मस्थल गया- चिन्नय्या के साथ पढ़े चिक्काबल्ली बालू ने कहा कि पिता की मौत के बाद उसके भाई जो धर्मस्थल में रहते हैं, उसे अपने साथ ले गए।

## पाकिस्तानी महिलाओं का भारत में बन गया आधार, एक ने तो वोटिंग भी की...



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) घुसपैठ व सिस्टम की गड़बड़ियों को उजागर करने का बड़ा माध्यम साबित हो रहा है। यह राज खुल रहा है कि घुसपैठियों ने आधार की ओट में खुद को छिपाए रखने का किस तरह खेल खेला है।

दरअसल, ऐसा ही एक मामला भागलपुर में पुनरीक्षण में सामने आया है कि दो पाकिस्तानी महिलाएं पांच दशक से यहां रह रहीं हैं। मतदाता सूची में उन्होंने अपना नाम भी जुड़वा रखा है। हर चुनाव में वोट भी कर रहीं हैं। एक महिला इमराना खानम तो सरकारी स्कूल में शिक्षिका बन गई है। लेकिन भेद खुलने के बाद से वह लापता है।

पुलिस ने दी संभावित ठिकानों पर दबिश - शनिवार को पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कुछ हाथ नहीं आया। बता दें कि एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआइआर मामले की सुनवाई के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को आधार को मान्य बताया है। वीजा लेकर पाकिस्तान से 1958 में भारत आई इमराना खानम ने भागलपुर के मुहम्मद इबनुल हसन से निकाह रचाया। इसके बाद उसने दस्तावेजी हेराफेरी कर आधार कार्ड बनवाया।

## मैं तो पहले से ही शर्मिला था..., अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु शुक्ला ने सुनाई बचपन की यादें




नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ दिनों पहले अंतरिक्ष की यात्रा करके लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अपने बचपन की बातों को लेकर काफी कुछ बताया है। उन्होंने बताया कि बचपन में वो बहुत शांत थे और उन्होंने कभी भी नहीं सोचा था कि वे एक दिन अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे।

हाल ही में शुभांशु ने इंटरनेशनल स्पेस स्टोशन की यात्रा की है और उन्होंने भारतीयों के लिए एक नई मिसाल कायम की है। दिल्ली में वायुसेना के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, ÷मैं बचपन से ही बहुत शर्मिला और चुप रहने वाला बच्चा था। बचपन में हम राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा की कहानियां सुना करते थे, लेकिन कभी सोचा नहीं था कि मैं भी ऐसा कर पाऊंगा।

उन्होंने बताया कि स्पेस में जाने का सपना उनके अंदर देर से आया, लेकिन मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचा दिया। बता दें, शुभांशु शुक्ला हाल ही में पूरी हुई Axiom-4 मिशन टीम का हिस्सा रहे।

इस मिशन के जरिए वे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक पहुंचे और वहां वैज्ञानिक गतिविधियों में योगदान दिया।

## अभी उनमें क्रिकेट बचा था और वो..., पुजारा के संन्यास के बाद थरूर का इमोशनल पोस्ट




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज रहे चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। लंबे समय से टीम से बाहर रहने और चयनकर्ताओं द्वारा नजरअंदाज किए जाने के बाद उन्होंने यह फैसला लिया है।

चेतेश्वर पुजारा द्वारा संन्यास की घोषणा करने के बाद क्रिकेट प्रेमियों के साथ-साथ कई लोगों ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि पुजारा को एक सम्मानजनक विदाई मिलनी चाहिए थी।

पुजारा के लिए थरूर का पोस्ट- थरूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, पुजारा के रिटायरमेंट से दिल में एक कसक रह गई। भले ही यह फैसला तय माना जा रहा था, लेकिन वे थोड़ा और खेलने के हकदार थे और उन्हें शानदार करियर के मुताबिक विदाई मिलनी चाहिए थी।

उन्होंने कहा कि जब पुजारा को टीम से बाहर किया गया तो उन्होंने हार नहीं मानी और घरेलू क्रिकेट में कई शानदार पारियां खेली। लेकिन, चयनकर्ताओं ने आगे बढ़ने का फैसला कर लिया था।

पुजारा की पत्नी की किताब से हुए खुलासे- थरूर ने पुजारा की पत्नी की किताब द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सफलता के पीछे बेहद मेहनत छिपी थी। उन्होंने याद किया कि 20 साल पहले इंग्लैंड दौरे पर इंडिया-ए की तरफ से खेलते हुए पुजारा ने लगातार रन बनाए थे और तभी वे सबकी नजरों में आए।

## अगर आप नहीं होतीं तो..., इंडिगो के पायलट ने फ्लाइट में मां के लिए कही ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर आए दिन कोई ना कोई वीडियो वायरल होता है, जो कभी हमें हंसने पर मजबूर करता है तो कभी सोचने पर। आज इंस्टाग्राम पर ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर आपकी आंखें खुशी से भर जाएंगी।

IndiGo की फ्लाइट के कैप्टन जसवंत ने उड़ान से पहले कुछ ऐसा किया जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, कैप्टन जसवंत ने जिस फ्लाइट के उड़ा रहे थे, उसी में उनकी मां भी सफर कर रही थीं। आंध्रप्रदेश के रहने वाले जसवंत ने अपने सपने को साकार करने और उन्हें पायलट बनाने के लिए अपनी मां का आभार प्रकट किया। इंडिगो के कैप्टन ने यात्रियों की प्रति भी कृतज्ञता भी जताई।

मेरे पायलट बनने का सपना- इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो में कैप्टन जसवंत बोल रहे हैं, गुड आफ्टर नून, देवियो और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन, जसवंत बोल रहा हूं। अपनी यात्रा के लिए इंडिगो चुनने के लिए धन्यवाद।÷ उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत खास दिन है क्योंकि जिसने मेरा और मेरे पायलट बनने के सपने का समर्थन किया, मेरी मां, वह पहली बार मेरे साथ यहां यात्रा कर रही हैं। कृपया जोरदार तालियां बजाएं।

मां की वजह से पायलट हूं- उन्होंने आगे कहा, हम तिरुपति बालाजी के पास एक बहुत ही दूरदराज के गांव से हैं। इसलिए पायलट बनने का सपना हमारे लिए कल्पना से परे है। लेकिन यह मेरी मां ही थीं जिन्होंने हर संघर्ष, रातों की नींद हराम करने और निश्चित रूप से, एजूकेशल लोन की श्रख्ढ से आगे बढ़कर मेरा साथ दिया। मां की वजह से, मैं एक कैप्टन के रूप में यहां खड़ा हूं, प्लेन में उड़ान भर रहा हूं, सारी जिम्मेदारियां उठा रहा हूँ, अपने जीवन के सपने को जी रहा हूं।

## राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पर हो रही थी पानी वाले गांजे की तस्करी, पुलिस के एक्शन से कैसे उड़े तस्करों के होश?




नई दिल्ली (एजेंसी)। मादक पदार्थ यानी ड्रग्स की तस्करी के लिए अपराधी कई तरीके के पैंतरे अपनाते है। हालांकि, कभी-कभी ड्रग्स तस्कर सारी हदें पार कर जाते हैं। इसी बीच अपराधियों ने ड्रग की तस्करी के लिए देश की सबसे सुरक्षित ट्रेनों में से एक राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को चुना। दरअसल, राजधानी एक्सप्रेस में तस्करी के लिए ले जा रही 54 करोड़ रुपये की ड्रग्स बेंगलुरु से भोपाल में जब्त की गई।

बेंगलुरु और भोपाल से हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त- राजस्व खुफिया निदेशालय ने ऑपरेशन वीड आउट के तहत बेंगलुरु और भोपाल स्टेशनों पर हाइड्रोपोनिक गांजा से भरे बैग जब्त किए। बेंगलुरु में 29.88 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया, जिसके कुछ घंटों बाद भोपाल में 24.18 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपये है।

थाईलैंड से लौटे एक व्यक्ति को बेंगलुरु के एक होटल में 18 किलो इसी तरह के नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया। कथित मास्टरमाइंड को बाद में नई दिल्ली में 1.02 करोड़ रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। कुल छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

क्या होता है हाइड्रोपोनिक गांजा- हाइड्रोपोनिक वीड, मिट्टी में नहीं बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगाई जाने वाला गांजा है। । यह गांजे की एक वैरायटी है जो कि हाइड्रोपोनिक तकनीक से समुद्री पानी में उगती है। यह भारत में जमीन में उगने वाले पारंपरिक गांजे से ज्यादा नशीला होता है। इसकी कीमत भी पारंपरिक गांजा से कई गुना ज्यादा है।

कुछ ही दिन पहले, 16 अगस्त को, भोपाल के जगदीशपुरा में एक और छापेमारी में एक गुप्त ड्रग लैब का खुलासा हुआ था, जहां से 61.2 किलोग्राम तरल मेफेड्रोन और 541 किलोग्राम से ज्यादा प्रीकर्सर केमिकल बरामद हुए थे, जिनकी कीमत लगभग 92 करोड़ रुपये थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल द्वतीया

## संपादकीय


# चुनावी माहौल शुरू होने से पहले ही बिहार में बहार आ गई



चुनावी माहौल शुरू होने से पहले ही बिहार में बहार आ गई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इसी क्रम में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार पहुंचे हैं, जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें गंगा पर बना छह लेन वाला पुल भी शामिल है। इसके अलावा वैशाली से कोडरमा के बीच बुद्ध सर्किट ट्रेन की शुरुआत भी हुई। चुनावी माहौल में यह जानना भी दिलचस्प है कि इस साल पीएम मोदी कितनी बार बिहार पहुंचे और केंद्र सरकार की तरफ से बिहार को कौन से बड़े तोहफे दिए गए। इस बार के प्रधानमंत्री के दौरों के दौरान जिन योजनाओं की सौगात दी गयी, उनमें बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता वाले थर्मल पावर प्लांट,मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना,मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का निर्माण,मोखामा-सिमरिया के बीच 4/6 लेन और गंगा ब्रिज का निर्माण तथा बख्तियारपुर से मोखामा एनएच-31 सड़क का सुधार शामिल है। इससे पूर्व 18 जुलाई 2025 के दौरे में प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में 7217 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का तोहफा देकर मिशन-चंपारण को साधने की कोशिश की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को भी बिहार के सिवान पहुंचे थे। तब उन्होंने यहां ?5,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। जिसमें रेलवे, जल और बिजली से जुड़ी योजनाएं शामिल थीं। 29 मई को प्रधानमंत्री मोदी पटना आए थे। तब उन्होंने बिहार को 50 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी थी। उन्होंने पटना एयरपोर्ट, एनटीपीसी बिजली परियोजना और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे जैसी कई योजनाओं की शुरुआत की। 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही बिहार में अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। फरवरी के भागलपुर दौरे के दौरान भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी की थी। इसके अतिरिक्त बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड का गठन करने का, 2014 के बाद बने आईआईटी में साढ़े छह हजार नई सीटें जोड़ने, पटना आईआईटी को फायदा,बिहार में चार नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की घोषणा,बिहार में फूड टेक्नोलॉजी, व्यसायिकता और मैनेजमेंट के लिए राष्ट्रीय योजना की शुरुआत ,सिंचाई सुविधा बेहतर करने के लिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को वित्तीय सहायता के प्रावधान किए गए ?थे।

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां जिन परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास किया है उनमें ऊर्जा, स्वास्थ्य और शहरी विकास के जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। स्वयं प्रधानमंत्री का कहना है कि इनसे बिहार के उद्योगों को ताकत मिलेगी,और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए यहां अस्पताल और रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी हुआ है। अब बिहार के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक और सुविधा मिल गई है। यहां प्रधानमंत्री ने कहा है कि गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना सरकार का लक्ष्य है।जनता-जनार्दन का सेवक बनकर यही काम करने में सबसे ज्यादा खुशहाली होती है। सरकार की प्रतिबद्धता दुहराते हुए उन्होंने कहा कि-मेरा एक बड़ा संकल्प है। जब तक हर जरूरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच के साथ पिछले 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दे दिए गए हैं।

# हरिभाऊ उपाध्याय



हरिभाऊ उपाध्याय भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा राष्ट्रसेवी थे। उनकी हिन्दी साहित्य को विशेष देन उनके द्वारा बहुमूल्य पुस्तकों का रूपांतरण है। कई मौलिक रचनाओं के अतिरिक्त उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की मेरी कहानी और पट्टाभि सीतारमैया द्वारा लिखित कांग्रेस का इतिहास का हिन्दी में अनुवाद किया। हरिभाऊ जी की अनेक पुस्तकें आज हिन्दी साहित्य जगत को प्राप्त हो चुकी हैं। महात्मा गाँधी से प्रभावित होकर हरिभाऊ उपाध्याय राष्ट्रीय आन्दोलन में कूद पड़े थे। पुरानी अजमेर रियासत में उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वे अजमेर के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए थे।

### जन्म

हरिभाऊ उपाध्याय का जन्म 24 मार्च, 1892 को मध्य प्रदेश में उज्जैन ज़िले के भौंरोसा नामक गाँव में हुआ था। विद्यार्थी जीवन से ही इनके मन में साहित्य के प्रति चेतना जाग्रत हो गई थी। संस्कृत के नाटकों तथा अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध उपन्यासों के अध्ययन के बाद ये उपन्यास लेखन की अग्रसर हुए।

### पत्रकारिता जगत में पदार्पण

हरिभाऊ उपाध्याय ने हिन्दी सेवा से सार्वजनिक जीवन आरम्भ किया और पहले पहल औदुम्बर मासिक पत्र के प्रकाशन द्वारा हिन्दी पत्रकारिता जगत में पर्दापण किया। सबसे पहले सन 1911 ई. में वे औदुम्बर के सम्पादक बने। पढ़ते-पढ़ते ही इन्होंने इसके सम्पादन का कार्य भी आरम्भ किया।

### महावीर प्रसाद द्विवेदी का सान्निध्य

औदुम्बर में अनेक विद्वानों के विविध विषयों से सम्बद्ध पहली बार लेखमाला निकली, जिससे हिन्दी भाषा की स्वाभाविक प्रगति हुई। इसका श्रेय हरिभाऊ के उत्साह और लगन को ही है। सन 1915 ई. में हरिभाऊ उपाध्याय महावीर प्रसाद द्विवेदी के सान्निध्य में आये। हरिभाऊ जी स्वयं लिखते हैं कि- औदुम्बर की सेवाओं ने मुझे आचार्य द्विवेदी जी की सेवा में पहुंचाया।÷ द्विवेदी जी के साथ सरस्वती में कार्य करने के पश्चात् हरिभाऊ उपाध्याय ने प्रताप, हिन्दी नवजीवन (सन 1921) और प्रभा के सम्पादन में योगदान दिया और स्वयं मालव मयूर (सन 1922) नामक पत्र निकालने की योजना बनायी; किंतु यह पत्र अधिक दिन नहीं चल सका।

### हिन्दी साहित्य की सेवा

हरिभाऊ उपाध्याय की हिन्दी साहित्य को विशेष देन उनके द्वारा बहुमूल्य पुस्तकों का रूपांतरण है। कई मौलिक रचनाओं के अतिरिक्त उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की मेरी कहानी और पट्टाभि सीतारमैया द्वारा लिखित कांग्रेस का इतिहास का हिन्दी में अनुवाद किया। हरिभाऊ जी का प्रयास हमें भारतेन्दु काल की याद दिलाता है, जब प्राय॰ सभी हिन्दी लेखक बंगला से हिन्दी में अनुवाद करके साहित्य की अभिवृद्धि करते थे। अनुवाद करने में भी उन्होंने इस बात का सदा ध्यान रखा कि पुस्तक की भाषा लेखक की भाषा और उसके व्यक्तित्व के अनुरूप हो। अनुवाद पढ़ने से यह अनुभव नहीं होता कि अनुवाद पढ़ रहे हैं। यही अनुभव होता है कि मानो स्वयं मूल लेखक की ही वाणी और विचारधारा अविरल रूप से उसी मूल स्त्रोत से बह रही है। इस प्रकार हरिभाऊ जी ने अपने साथी जननायकों के ग्रंथों का अनुवाद करके हिन्दी साहित्य को व्यापकता प्रदान की।

### प्रमुख रचनाएँ

हरिभाऊ उपाध्याय की अनेक पुस्तकें आज हिन्दी साहित्य जगत को प्राप्त हो चुकी हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं-

- बापू के आश्रम में
- स्वतंत्रता की ओर
- सर्वोदय की बुनियाद
- श्रेयार्थी जमनालाल जी
- साधना के पथ पर
- भागवत धर्म
- मनन
- विश्व की विभूतियाँ
- पुण्य स्मरण
- प्रियदर्शी अशोक
- हिंसा का मुकाबला कैसे करें
- दूर्वादल (कविता संग्रह)
- स्वामी जी का बलिदान
- हमारा कर्त्तव्य और युगधर्म

### भाषा-शैली


इन सभी रचनाओं से हिन्दी साहित्य निश्चित ही समृद्ध हुआ है। हरिभाऊ जी की रचनाएँ भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से बड़ी आकर्षक हैं। इनमें रस है, मधुरता और उज्ज्वलता है। इनमें सत्य और अहिंसा की शुभ्रता है, धर्म की समंवयबुद्धि है और लेखनी की सतत साधना और प्रेरणा है।

### राजनीतिक जीवन

महात्मा गाँधी से प्रभावित होकर हरिभाऊ उपाध्याय भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में कूद पड़े थे। पुरानी अजमेर रियासत में इन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ये अजमेर के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए थे। हरिभाऊ जी हृदय से ये अत्यंत कोमल थे, किंतु सिद्धांतों पर कोई समझौता नहीं करते थे। राजस्थान की सब रियासतों को मिलाकर राजस्थान राज्य बना और इसके कई वर्षों बाद मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने अत्यंत आग्रहपूर्वक हरिभाऊ उपाध्याय को पहले वित्त फिर शिक्षामंत्री बनाया था। बहुत दिनों तक ये इस पद पर रहे, किंतु स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण अंतत॰ त्यागपत्र दे दिया। हरिभाऊ उपाध्याय कई वर्षों तक राजस्थान की शासकीय साहित्य अकादमी के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने महिला शिक्षा सदन, हटूँडी (अजमेर) तथा सस्ता साहित्य मंडल की स्थापना की थी।

### निधन

हरिभाऊ उपाध्याय का निधन 25 अगस्त, 1972 को हुआ।



# SBI के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी RCom-अनिल अंबानी को घोषित किया Fraud




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय स्टेट बैंक के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है और इस मामले में कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी लिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 2016 में कथित तौर पर फंड के हेरफेर का हवाला दिया है।

सरकारी बैंक बीओआई ने अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशंस को उसके चालू पूंजीगत व्यय और ऑपरेशनल एक्सपेंडिचर और मौजूदा देनदारियों के भुगतान के लिए 700 करोड़ रुपये का लोन दिया था।

क्यों लिया गया ये फैसला- रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक के लेटर के बारे में बताया है। इसके अनुसार अक्टूबर 2016 में जारी की गई स्वीकार की गयी राशि का आधा हिस्सा एक एफडी में निवेश किया गया था, जिसकी लोन की शर्तों के अनुसार अनुमति नहीं थी।

आरकॉम ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से आठ अगस्त का एक पत्र मिला है, जिसमें बैंक द्वारा कंपनी, अनिल धीरूभाई अंबानी (कंपनी के प्रमोटर और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के लोन खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के फैसले की जानकारी दी गई है।

इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी इस साल जून में ऐसा ही किया था, जिसमें लोन की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लेनदेन करके बैंक के फंड के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। एसबीआई की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली।

## दुनिया के टॉप दाल उत्पादक देश, भारत करता है नंबर वन पर राज



नई दिल्ली (एजेंसी)। कृषि मूल्य के हिसाब से दुनिया के शीर्ष चार खाद्य उत्पादक देश चीन, भारत, अमेरिका और ब्राजील हैं। खाद्य उत्पादन में आज हम दालों की बात करेंगे। मसूर, छोले, बीन्स और मटर सहित दालें वैश्विक पोषण और कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज हम आपको बताएंगे आखिर दुनिया के टॉप 10 दाल उत्पादक देश कौन हैं। कहां सबसे ज्यादा दाल का उत्पादन किया जाता है।

वैसे हेडलाइन पढ़कर आप इतना तो जान ही गए होंगे कि भारत में ही सबसे अधिक दाल का उत्पादन होता है। लेकिन कितना होता है और भारत के अलावा और कौन से देश इस लिस्ट में हैं। इन सबके बारे में भी जानना जरूरी है।

कौन सा देश है दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक- भारत 28 मिलियन मीट्रिक टन वार्षिक दाल उत्पादन के साथ विश्व में सबसे बड़ा दाल उत्पादक देश है। भारत इतनी मात्रा में दाल का उत्पादन करता है कि उसके आस-पास कोई देश टिकते ही नहीं। भारत के बाद म्यांमार, कनाडा, चीन और रूस का स्थान आता है। पिछले 20 वर्षों में, भारत का दलहन उत्पादन 2002 के 11.13 मिलियन मीट्रिक टन से दोगुने से भी अधिक हो गया है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। भारत में चना, अरहर और मसूर जैसी विभिन्न दालें उगाई जाती हैं।

## आप भी खोल सकते हैं अपना पेट्रोल पंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोल पंप डीलरशिप एक बहुत आकर्षक बिजनेस आइडिया है, जिसमें पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बिक्री और सर्विस प्रोवाइड करना शामिल है। इस बिजनेस को शुरू करने के लिए, आपको पेट्रोलियम कंपनियों से डीलरशिप प्राप्त करनी होगी और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा।

इस समय जियो-बीपी पेट्रोल पंप डीलरशिप ऑफर कर रही है। अगर आप पेट्रोल पंप डीलरशिप लेना चाहते हैं तो ये एक अच्छा मौका है। ध्यान रहे कि जियो-बीपी पेट्रोल पंप डीलरशिप के लिए आपको 31 अक्टूबर तक आवेदन करना होगा।

कितना पैसा लगाना होगा- अप्लाई करने वाले पेज पर ही कंपनी ने आवेदन से जुड़ी सारी जानकारी देने के लिए ब्रोशर दिया है, जो हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। इसमें वो तमाम डिटेल है, जो डीलरशिप हासिल करने के लिए अहम है। इसी ब्रोशर के तहत आपके पास शहर में कम से कम 400 वर्ग मीटर, ग्रामीण इलाकों में कम से सम 1200 वर्ग मीटर और हाईवे पर कम से कम 1225 वर्ग मीटर जमीन होनी चाहिए।

जमीन पर पेट्रोल पंप की निर्माण लागत 82 लाख रु से 2.80 करोड़ रु तक हो सकती है।

और कौन-कौन से चार्ज लगेंगे- आपको आवेदन शुल्क के लिए 5000 रु (जीएसटी अलग से) देने होंगे, जो नॉन-रिफंडेबल होंगे। वहीं दस्तावेज शुल्क 1.77 से 3.54 लाख रु तक होगा, जो रिफंडेबल होगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर आपको 10 से 34 लाख रु तक जमा करने होंगे। ये पैसा भी आपको वापस मिलेगा।

कितनी होगी लीज की अवधि- लीज और डीलरशिप की अवधि 30 साल होगी। यदि आपका चयन होता है तो आपको 180 दिनों के अंदर सारा कंस्ट्रक्शन का काम पूरा करना होगा। दिए गए ब्रोशर पर और बाकी सारी जानकारी उपलब्ध है, जिसमें बताया गया है कि लास्ट में आवेदन करने वाले का इंटरव्यू भी होगा और उसके बाद ही फाइनल फैसला होगा।

## 25 से 29 अगस्त तक के लिए खरीदने लायक टॉप शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले हफ्ते फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने जैक्सन होल में अपनी स्पीच की शुरुआत इस संकेत से की कि जरूरत पड़ने पर फेड अपने रुख में बदलाव के लिए तैयार है। पॉवेल ने कहा कि लेबर मार्केट बैलेंस में तो है, लेकिन यह एक अजीब तरह का बैलेंस है जो श्रमिकों की सप्लाई और डिमांड दोनों में जोरदार मंदी के कारण पैदा हुआ है।

वहीं बीते हफ्ते रुपया 0.21% मज़बूत होकर 87.30 के स्तर पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 0.97% बढ़कर 24870 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार को जीएसटी सुधारों और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से सहारा मिल रहा है। ऐसे में Ya Wealth के डायरेक्टर अनुज गुप्ता ने 5 शेयरों के नाम बताए हैं, जो इस समय खरीदने पर कमाई करा सकते हैं।

Vi Share Target- अनुज गुप्ता के अनुसार पीएमओ द्वारा AGR राहत उपायों के चलते Vi के शेयर में पिछले हफ्ते 14.96% की बढ़ोतरी हुई। हमें उम्मीद है कि यह और बढ़ सकता है क्योंकि यह ओवरसोल्ड जोन में कारोबार कर रहा है। शेयर में शॉर्ट कवरिंग की उम्मीद है और शेयर में अच्छी-खासी वॉल्यूम भी देखी गई है। इस शेयर को 9 रु Target Price के लिए 5.50 रु के स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकता है।

## मोबाइल बिजनेस माइक्रोसॉफ्ट को बेचने के बाद अब क्या करती है नोकिया? दिवालिया नहीं हुई, बल्कि ऐसे बन गई 2 लाख करोड़ की कंपनी




नई दिल्ली (एजेंसी)। माइक्रोसॉफ्ट ने स्मार्टफोन बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए साल 2014 में नोकिया के डिवाइस और सर्विस बिजनेस को 5.44 बिलियन यूरो (आज के हिसाब से करीब 55680 करोड़ रु) में खरीद लिया था। लेकिन यह बिजनेस एंड्रॉयड और आईओएस के साथ मुकाबला करने में विफल रहा, जिसके नतीजे में खुद माइक्रोसॉफ्ट को भी नुकसान हुआ और इसने साल 2016 में नोकिया ब्रांड को एचएमडी ग्लोबल को बेच दिया गया।

मगर एक समय था, जब मोबाइल फोन मार्केट में Nokia की टक्कर लेना भी बहुत मुश्किल था। खासकर भारत में नोकिया की मार्केट पर जोरदार पकड़ थी। पर मोबाइल बिजनेस बेचने के बाद नोकिया बंद नहीं हुई, बल्कि इसने कई सर्विसेज पर फोकस किया और आज ये एक बड़ी कंपनी

नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर- अब नोकिया के कोर बिजनेस में नोकिया 5G और फ्यूचर की 6G टेक्नोलॉजीज समेत मोबाइल नेटवर्क के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइड करना शामिल है। 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को इस सेगमेंट से करीब 19500 करोड़ रु का रेवेन्यू हासिल हुआ।


एंटरप्राइज सॉल्यूशंस- कंपनी मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और परिवहन जैसी इंडस्ट्रीज के लिए सॉल्यूशन प्रोवाइड करती है। इजिसमें बेहतर सिक्योरिटी और एफिशिएंसी के लिए प्राइवेट नेटवर्क भी शामिल हैं।

क्लाउड एंड कम्प्यूटिंग- नोकिया ग्राहकों को नेटवर्क ऑटोमैशन के लिए क्लाउड टेक्नोलॉजीज और एआई का फायदा उठाने में मदद करती है।

ऑप्टिकल एंड फिक्स्ड नेटवर्क्स- कंपनी हाई-परफॉर्मेंस डेटा सेंटर, आईपी/एमपीएलएस और ऑप्टिकल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर भी प्रोवाइड करती है।

सर्विसेज एंड लाइसेंसिंग- नोकिया नेटवर्क मैनेजमेंट, सिक्योरिटी और टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग समेत कई तरह की अन्य सर्विसेज भी प्रोवाइड करती है।

## क्या होता है IPO Loan, शेयर खरीदने के लिए कैसा मिलता लाखों में पैसा




नई दिल्ली (एजेंसी)। आज के जमाने हर छोटी-बड़ी जरूरत के लिए लोन मिल जाता है। घर और कार तो जिंदगी की बड़ी जरूरतें हैं लेकिन इसके अलावा भी फोन से लेकर अन्य चीजों की खरीदारी करने के लिए लोन की सुविधा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि शेयर बाजार में पैसा लगाने के लिए भी लोन मिलता है। यह सुनकर आप हैरान हो सकते हैं लेकिन यह सच है। दरअसल, कई बैंक, ब्रोकरेज हाउसेज और वित्तीय संस्थाएं आईपीओ लोन ऑफर करती हैं। इसके जरिए आप पब्लिक इश्यू में पैसा लगा सकते हैं। हालांकि, आईपीओ लोन की कुछ शर्तें होती हैं।

अगर आप मौजूदा पब्लिक इश्यू में पैसा लगाना चाहते हैं तो आइये आपको बताते हैं आईपीओ लोन कैसे मिलता है और इसका क्या प्रोसेस है। आईपीओ लोन या आईपीओ फाइनेंसिंग, वित्तीय संस्थाओं द्वारा निवेशकों को दिया जाने वाला कर्ज है। यह लोन ऐसे व्यक्तियों के लिए मददगार है जो किसी पब्लिक इश्यू में पैसा लगाना चाहते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# क्रिकेट खेलते-खेलते बना ली गैंग... दिन में रेकी रात में सूने घरों में करते थे चोरी, चार गिरफ्तार

खंडवा। क्रिकेट खेलते-खेलते जिले के कुछ युवकों ने गिरोह बना लिया। दिन में बाइक से सूने घरों की रेकी करते, रात को आते घरों का ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। बीते एक माह में इस गिरोह ने हरसूद थाना क्षेत्र में पांच चोरी कर जमकर आतंक मचाया। थाना प्रभारी हरसदू राजकुमार राठौर इनकी गंभीरता से तलाश में लगे थे। मुखबिर की सूचना पर गिरोह के तीन सदस्यों को हरसूद पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके अलावा चोरी का माल खरीदने वाले एक सदस्य को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने सात लाख के सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर पांच चोरियों का राजफाश किया।

पुलिस के अनुसार सेक्टर नंबर पांच हरसूद में स्थित बंद मकान से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोने चांदी के आभूषण व नकदी रुपये की चोरी करने की सूचना पर थाना हरसूद में धारा 331(4),305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में




लिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा अपराधियों को तत्काल पकड़ने हेतु निर्देशित किया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपितों व मशरुका की तलाश पर मुखबिरों ने पुलिस को बताया कि कुछ व्यक्तियों ने छनेरा हरसूद में किराये का मकान लेकर निवास कर रात्रि में चोरी करते हैं। मुखबिर सूचना पर संदेहियों के मोबाइल नंबरों की टावर लोकेशन व डिटेल प्राप्त की गई। दिन व रात्रि के मध्य मोबाइल बंद होने की शंका के आधार पर संदेही आरोपित 23 वर्षीय शुभम पुत्र भगवान सिंह राजपूत, मांगीलाल उर्फ गोलू पुत्र भैयालाल निवासी पुनर्वास थाना मांधाता, दुर्गेश पुत्र सुरेश निवासी फोकटपुरा छनेरा थाना हरसूद एवं बेचवाल समर पुत्र बजारी निवासी धननगरी, थाना खालाकुआ, जिला हुगली पश्चिम बंगाल हाल- सनावद जिला- खरगोन को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की।

विस्तृत पूछताछ में आरोपितों ने संगठित होकर रात में बंद मकानों का ताला तोड़ नकबजनी करना स्वीकार किया। पृथक पृथक स्थान से आरोपितों की निशादेही पर सोने के आभूषण झुमकी, सोने की अंगूठी, सोने के टाप्स, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, सोने के लाग, पंचाली, कान की बाली, रिंग एवं गले के लाकेट, सोने के मोती एवं चांदी के आभूषण पायल, बिछिया, चैन, पायजब, अंगूठी, चांदी का सिक्का, चांदी की चुडी, रमझोल, कमर का कंदोरा, कंगन, बिछोडी, झुमकी, चांदी की पूची, चांदी की पायल आदि उक्त अपराधों में जब्त किया गया। घटना में प्रयुक्त दो बाइक जब्त की गई। जिसकी कुल कीमत लगभग सात लाख रुपये है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-** थाना प्रभारी हरसूद निरीक्षक राजकुमार राठौर, उनि रमेश मोरे, सउनि नानाराम पाटीदार, सउनि नरेंद्रसिंह वर्मा, प्रआर हरिओम मीणा, प्रआर शिवशंकर उपाध्याय, प्रआर मंगलसिंह चौहान, आर दिलीप बोरखेडे, आर भगवानसिंह मस्कोले, हेमंत जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# No Entry में किया प्रवेश तो चालान पहुंचेगा सीधे घर, इन स्थानों पर लगेंगे कैमरे



ग्वालियर। अब शहर के नो एंट्री मार्गों से प्रवेश आसान नहीं होगा। अगले एक माह में नो एंट्री मार्ग, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन 310 बुलेट और 100 पेन टिल्ट जूम (पीटीजेड) कैमरा लगाने जा रहा है। हालांकि लक्ष्मीबाई समाधि स्थल और राजमाता चौराहे पर यह कैमरे लगा दिए गए है, बाकी जगह काम चल रहा है। यह कैमरे लगने के बाद गलत दिशा में एंट्री करते ही वाहन का चालान घर और मोबाइल पर पहुंच जाएगा।

**स्मार्ट सिटी और पुलिस को मदद मिलेगी**-इसके अलावा आपराधिक घटनाओं को लेकर भी यह कैमरे काफी सहायक साबित होंगे। कैमरे के प्रोजेक्ट में चालान से स्मार्ट सिटी को आय होने की उम्मीद है। इससे पहले ग्वालियर स्मार्ट सिटी ने शहर के 31 तिराहों और चौराहों पर कैमरे लगाए हैं। इनके माध्यम से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं। अब इन कैमरों से असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखने में स्मार्ट सिटी और पुलिस को मदद मिलेगी। इसका कारण है कि इन कैमरों को पुलिस द्वारा बताए गए स्थल पर लगाया जाएगा। पिकनिक स्पॉट भी होंगे सुरक्षित वर्तमान में शहर में इटालियन गार्डन, जलविहार, नेहरू पार्क, गांधी रोड, आंबेडकर उद्यान जैसे स्थानों पर लोग घूमने-फिरने के लिए पहुंचते हैं। यहां कई असामाजिक तत्व शासकीय संपत्तियों को नुकसान भी पहुंचाते हैं, इसके अलावा कई बार आपराधिक घटनाएं भी इन स्थानों पर हो जाती हैं। ऐसे में इन कैमरों के लगने से आपराधिक घटनाओं को रोकने के साथ ही पिकनिक स्पॉट भी सुरक्षित रहेंगे। इसका कारण है कि यह सभी कैमरे स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमांड सेंटर में लाइव फीड करेंगे और इनके जरिए 24 घंटे निगरानी की जा सकेगी।

**इन स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे**-लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के पास, रेलवे स्टेशन रोड, बहोड़ापुर तिराहा, एयरटेल मार्ग सिटी सेंटर, नाका चंद्रवदनी, राजमाता तिराहा, गश्त का ताजिया, सराफा बाजाार, छापाखाना, दौलतगंज, सूर्यनारायण मंदिर से नागदेवता मंदिर मार्ग, लोहिया बाजार-ऊंट पुल से इंदरगंज, छप्परवाला पुल से काजल टाकीज, राजीव प्लाजा से इंदरगंज, राममंदिर तिराहा से गश्त का ताजिया, रांग साइट पाटनकर बाजार, गांधी मार्केट, मोर बाजार आदि जगह यह कैमरे लगाए जाएंगे।

# फ्लैटों की खरीद-फरोख्त में गड़बड़झाला, बिना हृहृष्ट खरीद और बेच रहे फ्लैट, ऐसे हुआ खुलासा

जबलपुर। नगर निगम के स्वामित्व की लीज होल्ड भूमि पर निर्मित 100 से ज्यादा आपर्टमेंट हैं। जिनमें फ्लैटों की संख्या भी सैकड़ों में है। शहर के भंवरताल, राइट टाउन और निवाड़गंज एक्टेशन में लीज भूमि पर बने 75 अपार्टमेंट तो ऐसे है जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। जबकि इनकी संख्या और बढ़ सकती है।



आंखें बंद किए है नगर निगम

हैरानी की बात ये है कि लीज भूमि पर बने अपार्टमेंट की लीज अवधि समाप्त हुए 15 से 20 साल गुजर गए परंतु नगर निगम ने सुध नहीं ली। यहां तक की लीज होल्ड भूमि पर बने अपार्टमेंट के फ्लैट भी बिना नवीनीकरण और एनओसी के बेचे और खरीदे गए। इससे लीज होल्डधारियों को तो फायदा हुआ परंतु नगर निगम को एक रुपया नहीं मिला। नगर निगम की आर्थिक हालात खराब होने का ये भी एक कारण है कि नगर निगम अपनी ही संपत्तियों से कमा नहीं पा रहा।ऐसे हुआ खुलासा

बहरहाल लीज होल्ड भूमि पर बने अपार्टमेंट के फ्लैटों की खरीद-फरोख्त के मामले का खुलासा तब हुआ जब फ्लैट खरीद चुके और खरीद कर दूसरे को बेच चुके लोगों ने नामांतरण कराने और एनओसी के लिए नगर निगम में आवेदन किया। निगम में रोजाना 10 से 15 आवेदन किए जा रहे हैं। इस तरह बिना लीज नवीनीकरण और विक्रय एनओसी के फ्लैट बेचने-खरीदने की जानकारी लगते ही नगर निगम हरकत में आया और अब अपार्टमेंट की जांच शुरू करा दी।

इसके लिए तीन सदस्यीय जांच टीम भी बनाई गई जो अपार्टमेंट में जाकर दस्तावेजों की जांच कर रही है। कहा जा रहा है कि जांच के दौरान अपार्टमेंट और उनमें बने फ्लैट के रहवासियों को लीज शेयर होल्डर के रूप में नोटिस जारी कर लीज नवीनीकरण कराने कहा जा रहा है। इसके बाद भी लीज भूमि का नवीनीकरण नहीं कराया तो फ्लैटों की लीज निरस्त कर दी जाएगी।


जिले में 2500 लीज होल्ड संपत्तियां

विदित हो कि कि नगर निगम स्वामित्व की लीज होल्ड संपत्तियों की संख्या लगभग 2500 है। इनमें जो भंवरताल, राइट टाउन और निवाड़गंज एक्टेशन में है। नगर निगम ने उक्त एक्टेंशन की भूमि 30 संबंधितों को 30 साल वर्ष के लिए लीज पर दी हुई है। लीज धारियों को समय-समय पर लीज का नवीनीकरण कराना होता है। 75 की सूची में बड़े अपार्टमेंट जिनकी लीज समाप्त

प्लेटियम प्लाजा
खुशी प्लाजा
गुडलक अपार्टमेंट
मोहित कॉम्पलेक्स
दत्त टावर्स
होटल कृष्णा कॉम्पलेक्स
चंद्रिका टावर्स
खंडेलवाल मार्केट कॉम्पलेक्स
सुखेजा टावर्स
गंगोत्री टावर्स

नगर निगम के सहायक आयुक्त व प्रभारी संपदा शाखा शिवांगी महाजन ने कहा कि शहर में करीब 75 अपार्टमेंट सामने आए है जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। वहीं अपार्टमेंट में फ्लैटों का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। इसकी जांच कराते हुए लीजधारक और फ्लैट में रहने वाले लीज शेयर होल्डर को नोटिस जारी कर लीज नवीनीकरण कराने कहा जा रहा है। इसके बाद भी लीज भूमि का नवीनीकरण नही कराया तो फ्लैटों की लीज निरस्त कर दी जाएगी।

# शहडोल में घर की लाइट सुधारने के दौरान करंट लगने से दो भाईयों की मौत



शहडोल। जिले के बुढार थाना क्षेत्र के धनगवां गांव में करंट की चपेट में आने से दो भाईयों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार घर की बिजली सुधारने के दौरान घटना घटी है । पहला भाई जब करंट की चपेट में आया तो दूसरे ने उसे बचाने का प्रयास किया और दोनों गंभीर घायल हो गए, जिसके बाद स्वजन दोनों को अस्पताल ले कर पहुंचे और दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई है।दोनों की उपचार के दौरान मौत

पुलिस ने बताया कि धनगवां का पी के सिंह घर की लाइट सुधार रहा था, तभी वह बिजली की तार की चपेट में आ गया। बगल में मौजूद बड़े भाई राकेश सिंह ने देखा कि छोटे भाई को करंट लग गया है। जिसे बचाने वह दौड़ा और दोनों को बिजली के करंट ने अपने चपेट में ले लिया, तभी दोनों को करंट की चपेट में देख परिजनों ने बिजली का पावर बंद किया और आनन-फानन में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई है। जानें पुलिस ने क्या कहा

पुलिस के अनुसार इस घटना में राकेश सिंह (40) एवं पी के सिंह (26) की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों चचेरे भाई है। दोनों ही आजू-बाजू रहते है। छोटे भाई को बचाने में बड़ा भाई भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने कहा, घटना के बाद हमें जानकारी नहीं मिली थी, उपचार के दौरान दोनों की मेडिकल कॉलेज में मौत हुई है।



# मंत्री श्री सिलावट ने सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य त्वरित गति से कराये जाने के दिये निर्देश

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री रोशन राय, रेलवे अधिकारी श्री पी.सी.शेखर, एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री जयदेव गौतम, ब्रिज शाखा की सुश्री गुरनीत कौर भाटिया, निगम इंजीनियर श्री एल.आर.लोधी, श्री जी.एस.सोलंकी और लसुड़िया थाना प्रभारी श्री तारेश सोनी, तहसीलदार श्रीमती प्रीति भीसे सहित अन्य अधिकारियों के साथ सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य एवं बारिश के कारण जल भराव की समस्या के स्थाई हल के लिए आज मौका निरीक्षण किया।



मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सिंगापुर टाउनशिप स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य एवं बारिश के कारण जल भराव की समस्या के स्थाई हल के लिए आज समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मंत्री श्री सिलावट ने रतलाम रेलवे के अधिकारी श्री महेन्द्र जाटव से दूरभाष पर चर्चा कर उक्त रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य को आगामी दो माह में त्वरित गति से कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये एवं जल भराव की समस्या होने पर तुरंत तीन बडे मोटर पंप से तत्काल पानी निकासी किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा को सिंगापुर टाउनशिप जंक्शन से रेलवे अंडर ब्रिज पर 400 मीटर नवीन 60 फीट चौडी सड़क का निर्माण करने एवं स्ट्रीट लाईट, हेलोजन एवं सड़क में मौजूद गड्ढे को भराव करने के साथ ही सिंगापुर टाउनशिप की नाली को पॉकलेन मशीन से साफ कर उसका पूरा पानी समीप के नाले में निकाले जाने के साथ सड़क का पेंचवर्क करने के निर्देश दिये।

मंत्री श्री सिलावट ने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम को सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज के समीप के नाले को गहरा कर सफाई कराये जाने के निर्देश भी दिये । साथ ही नगर निगम,रेलवे और लोक निर्माण विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। थाना प्रभारी लसुड़िया श्री तारेश सोनी को रेलवे अंडर ब्रिज के पास रास्ता जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए आवश्यक पुलिस जवान तैनात करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर पार्षद श्री राकेश सोलंकी, ढाबली सरपंच श्रीमती अंतिमबाला यादव, श्री जीतेन्द्र डोडिया, सरपंच केलोदहाला, श्री पप्पु शर्मा, श्री बबलू यादव, श्री कैलाश चौहान, झोन प्रभारी आनंद रैदास भी मौजूद थे।

## सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया स्थापना का एक दशक



इंदौर। महिला शक्ति के संगठित प्रयास का अद्भुत उदाहरण–'सखी बहिनपा मैथिलानी समूह' ने अपनी स्थापना की 10वीं वर्षगांठ को सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ यादगार बना दिया। इंदौर इकाई की प्रमुख ऋतु झा, संगठन मंत्री शारदा झा, सुषमा झा, कविता झा, श्वेता मिश्रा सहित अन्य सक्रिय सदस्याओं ने बताया कि यह अवसर समूह की एक दशक की निरंतर सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण यात्रा का प्रतीक रहा। स्थापना दिवस की शुरुआत बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के केंद्र से हुई। यहाँ समूह की सदस्याओं ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपनी यात्रा को उनके बीच साझा किया। बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले संस्था के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल बैग, ड्राइंग बुक, रंगीन पेंसिल, स्केच बुक व अन्य शैक्षिक सामग्री उपहार स्वरूप दी गई।

## इंदौर अपने समन्वित और सुनियोजित प्रयासों से आर्थिक क्षेत्र में लगायेगा नई छलांग

इंदौर। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर अब विकास की नई ऊँचाइयों की ओर कदम बढ़ाने जा रहा है। आने वाले पाँच वर्षों में इंदौर की जीडीपी को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर सभी प्रमुख विभागों,विशेषज्ञों और स्टेकहोल्डर्स को साथ लेकर समन्वित और सुनियोजित रणनीति तैयार की जा रही है। सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में बैठक हुई ।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह,नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, विद्युत विभाग तथा अन्य प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल भंडारी और डॉ. अनिल भंडारी भी मौजूद थे।

सांसद श्री लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रगतिशील मध्यप्रदेश के सपनों को साकार करने में इंदौर की भूमिका निर्णायक होगी। यहाँ की सामाजिक ऊर्जा, कारोबारी क्षमता और आधुनिक इकोसिस्टम इंदौर को 2030 तक देश के अग्रणी औद्योगिक-आर्थिक केंद्रों में स्थापित करेगा। श्री लालवानी कहा कि इंदौर की जीडीपी को डबल करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत लक्ष्य तय किए गए हैं, जिसके अनुसार फार्मा इंडस्ट्री और मेडिकल टूरिज्म को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंदौर मध्य भारत का बड़ा स्वास्थ्य केंद्र है। इसको देखते हुए मेडिकल सुविधाओं और अस्पतालों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित कर मेडिकल टूरिज्म को नई ऊँचाई दी जाएगी।

सांसद श्री लालवानी ने प्रेजेंटेशन में बताया कि ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर को बढ़ावा देते हुए ग्रीन एनर्जी व ई-व्हीकल को बढ़ावा देकर इंदौर को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की योजना है। सांसद श्रीलालवानी ने बताया कि आईटी और स्टार्टअप सेक्टर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। डिजिटल इकोसिस्टम को मज़बूत बनाते हुए युवाओं को इनोवेशन और रिसर्च आधारित शिक्षा से जोड़ा जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा नायता मुंडला क्षेत्र में पौधारोपण

इंदौर। नया आरटीओ भवन नायता मुंडला में ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शनिवार को गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल,नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, क्षेत्रीय विधायक श्री मधु वर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की विशेष उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हाल ही में संसद का मानसून सत्र सम्पन्न हुआ और उसके उपरांत उनका यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम इंदौर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सार्थक चर्चा हुई थी और उसी भाव के साथ यहां आकर उन्होंने सिंदूर का पौधा लगाना अपने लिए सौभाग्य की बात बताया। केन्द्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने वृक्षों को धरती मां का श्रृंगार बताते हुए कहा कि वृक्ष हमें विनम्रता सिखाते हैं। उन्होंने संत कबीरदास जी के दोहों का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ पर पत्थर फेंकने पर भी वह फल देता है और पानी देने पर भी कोई अपेक्षा नहीं रखता है। वृक्ष सभी को समान रूप से फल, छाया एवं ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए। यह पर्यावरण संरक्षण का सर्वोत्तम उदाहरण है। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए इंदौर ने विगत वर्ष शहरवासियों के सहयोग से वृहद पौधारोपण कर लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## कृषि सखी का प्राकृतिक खेती पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



इंदौर। आत्मा परियोजना एवं कृषि महाविद्यालय इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि सखी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्राकृतिक खेती पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक कृषि केवल उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो मिट्टी, जल और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए किसानों की आय में वृद्धि कर सकती है। कृषि सखी जैसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करते हैं और समाज में स्थायी परिवर्तन की नींव रखते हैं।

कृषि महाविद्यालय इंदौर के डीन डॉ.भारत सिंह ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्राकृतिक खेती की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा आज जब जलवायु परिवर्तन, रसायनों के अत्यधिक प्रयोग और मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रश्न उठ रहे हैं, ऐसे समय में प्राकृतिक कृषि समाधान बनकर उभरती है। परियोजना संचालक (आत्मा) शर्ली थॉमस ने कहा- कृषि सखियाँ अब सिर्फ प्रशिक्षित महिलाएं नहीं, बल्कि गांवों में प्राकृतिक कृषि की पथप्रदर्शक बनेंगी। हमारा उद्देश्य उन्हें इस योग्य बनाना है कि वे अपने समुदायों में बदलाव ला सकें। नोडल अधिकारी डॉ.दीक्षा ने कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए कहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस तरह से तैयार किया गया था कि महिलाएं न केवल प्राकृतिक कृषि को समझें,बल्कि उसे व्यवहार में भी उतार सकें।

कार्यक्रम में श्री नवीन शुक्ला (डीपीएम) एवं श्रीमती अल्पना वर्मा (डीपीडी) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के आयोजन तथा महिला सहभागिता की सराहना की। समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाने वाला रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संजय दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री अमर दीक्षित द्वारा किया गया।

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर में संभाग स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्रथम आयोजन सम्पन्न

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर शनिवार से संभाग स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की विधिवत शुरुआत होलकर महाविद्यालय से हो गई है। इस शिविर में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं आम नागरिक पहुँचे। शिविर में आधुनिक मशीनों से उच्च रक्तचाप,कैंसर, डायबिटीज, दंत रोग, नेत्र रोग,थाईराईड आदि रोगों की निःशुल्क जाँचे की गयी। शिविर में छात्र-छात्राओं के अलावा सहायक प्राध्यापकों और प्राध्यापकों ने भी रक्तदान किया। संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर के इस पहले आयोजन में सोनोग्राफी मशीन, मेमोग्राफी मशीन,ईसीजी मशीन की संख्या बढ़ायी गयी,ताकि अधिक-अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको लाभान्वित किया जा सके। शिविर में विभिन्न शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के डॉक्टर्स के अलावा शोधार्थी छात्रों,महाविद्यालय के स्टॉफ और स्वयंसेवकों ने भी अपनी सेवाएँ दीं। इसके अलावा पैरामेडिकल स्टॉफ ने भी अपनी सेवाएँ दीं। जाँच के बाद नागरिकों को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गयीं और साथ ही उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने बताया कि संभाग स्तरीय शिविर में 664 लोगों की रक्त जाँच,80 मरीजों का अल्ट्रासाउंड, 82 व्यक्तियों का एक्स-रे, 80 यूसीजी की गयी। कुल 6 हजार 626 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही 2 हजार 216 सिंप्टोमेटिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 21 दानदाताओं ने रक्तदान के साथ दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया। जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ शामिल थे। स्वास्थ्य जाँच शिविर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज सहित इंडेक्स मेडिकल कॉलेज तथा लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं। इसके अलावा होम्योपेथी और आयुष महाविद्यालयों के चिकित्सों ने भी अपनी सेवाएँ दीं। डॉ.हासानी ने बताया कि चिन्हित मरीजों का वैज्ञानिक रूप से डाटाबेस तैयार कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया जायेगा। इसके लिए एक विशेष पोर्टल एवं एप भी तैयार किया जा रहा है।

दैनिक हिन्दकुश




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# चित्रा नक्षत्र, रवि, ब्रह्म, गजकेसरी, लक्ष्मी योग में बुध की होरा में होगा बप्पा का प्राकटय

## गणेश चतुर्थी बुधवार को होने से व्यापारियों की होगी उन्नति

उज्जैन। इस बार गणेश चतुर्थी भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष में चित्रा नक्षत्र के शुभ योग में रवि योग, ब्रह्म योग (गज केसरी) लक्ष्मी योग के साथ बुध की होरा मध्याह्न मे बप्पा का प्राकट्य उत्सव होगा। इस विशेष योग में व्यापारी को धन वृध्दि का लाभ मिलता है।

श्री मांतगी ज्योतिष ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के

अनुसार मध्यान्ह का योग और गौरी शंकर के पुत्र विघ्नहर्ता गणेश जन्म का माना जाता है, 27 अगस्त चतुर्थी तिथि बुधवार का दिन जो स्वयं गणेश जी का दिन है। इस दिन घर अंगना मन के मंडपम मे मंगलमूर्ति गणपति बप्पा का मध्याह्न में श्रेष्ठ मुहूर्त 12/36 से 01.00 के 24 मिनिट में होगा युवराज का प्राकट्य। पुजा प्रारंभ का शुभ मुहूर्त सुबह 11:04 बजे से



दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा।

ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर जब कोई शुभ योग बनता है, तो उसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। ऐसे योगों में भगवान गणेश की पूजा विशेष फलदायक मानी जाती है। रवि योग में की गई पूजा और आराधना बहुत फलदायक मानी जाती है। यह योग सभी दोषों का नाश करता है। गणेश पूजन से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। अमृत सिद्धि योग अत्यंत शुभ माना जाता है। इस योग में गणेश जी की पूजा करने से सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि होती है। ब्रह्म योग आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ होता है। गणेश जी की आराधना से ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है।

ज्योतिर्विद पं. अजय व्यास ने बताया कि पूजन के समय इस विशेष मंत्र वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥÷, का जाप करें। बुद्धि और ज्ञान के साथ, ग्रह शांति के नियंत्रक है श्री गणेश। ज्योतिष शास्त्र में गणपति (गणेश जी) का विशेष स्थान माना गया है। वे केवल विघ्नहर्ता ही नहीं, बल्कि ग्रह-शांति, ग्रह नियंत्रक बुद्धि और सफलता के अधिष्ठाता भी हैं। देश विदेश मे भारतीय व्यापार व्यवसाय इंडस्ट्रीज फ़र्नीचर तकनिकी इलेक्ट्रॉनिक्स सुरक्षा अन्य घरेलू सजावट, बाजार, मोबाइल फोन, एआई साझीदार से जैसे उपलब्धता सुनिश्चित बडती है योग प्राणायाम खेल ओर कला जगत युवाओ का सम्मान रुझान बडता है उज्जैन मे भी बुध के राजा होने से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व अप्रत्याशित विकास होगा।

# जन शिक्षा केन्द्र रूई में शिक्षकों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित




उज्जैन। जन शिक्षा केन्द्र रूई में शिक्षकों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्रीमती खुशबू पंवार व दिनेश शास्त्री सी.एस.सी. के मार्गदर्शन में जन शिक्षा केन्द्र (कलस्टर रिसोर्स सेंटर) पर पहली व दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक तैयारी के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जनशिक्षक दिनेश शास्त्री ने बताया कि जन शिक्षा केन्द्र पर पहली व दूसरी के शिक्षको के शैक्षिक संवाद' कार्यक्रम के तहत शिक्षक जन शिक्षा केन्द्रों पर एकत्र होकर सीखने व सिखाने को लेकर अपने अनुभव साझा करें और अपनी तैयारी कर कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता स्थापित की जा सके।

शैक्षिक संवाद में परिचय प्रतिभागी शहजाद खान द्वारा दिया गया। शैक्षिक संवाद की महत्वत्ता से सचिन बैरागी द्वारा परिचय कराया गया। सहजकर्ता श्रीमती संध्या पाटीदार द्वारा हिन्दी भाषा गतिविधि के माध्यम से व प्रतिभागी ममता मेहता व सुधीर उपाध्याय द्वारा शिक्षक संदर्शिका अभ्यास पुस्तिका की प्रस्तुति दी गई। जनपद शिक्षा केन्द्र घट्टिया से उपस्थित अवलोकन कर्ता बी.आर.सी. सुभाष सुनिया, बी.एस.सी. अमृत केलकर, दीपेंद्र तिवारी द्वारा शैक्षिक संवाद, एफ.एल.एन. एवं अकादमिक पर विस्तृत चर्चा कर शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर यात्रा पूर्ण तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए प्रतिभागी होशियार सिंह, प्रकाश चौहान, जीवन सिंह परमार, सुनील पाटीदार, किरण जोशी, सुनीता वैद्य, भावना परमार, रामकुमार शिरोमणि, हरलाल खींची आदि ने संवाद करते हुए विभिन्न यात्राओं की तैयारी पर प्रकाश डाला।

# श्रीराम महल भेरूगढ़ में नारायणी दादी मंगल पाठ महोत्सव संपन्न



उज्जैन। श्रीराम महल मेहंदीपुर बालाजी धाम भेरूगढ़ में नारायणी दादी का वार्षिक मंगल पाठ महोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा-भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे पाटा पूजन से हुआ, इसके बाद दोपहर 4 बजे से मंगल पाठ प्रारंभ हुआ।

हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तगण दादी मां के भजनों और मंगल पाठ में भावविभोर होकर झूम उठे। पूरे दिन संगीतमय मंगल पाठ, छप्पन भोग और भजन संध्या का आयोजन हुआ।

# नवकार आराधना में किये अच्छी वर्षा के लिए जाप



उज्जैन। जैन यूनिटी फोरम उज्जैन मुंबई द्वारा अवंती पार्श्वनाथ दादा के दरबार में संस्थापक मनोज सुराणा की प्रेरणा से पर्यूषण पर्व अंतर्गत चल रही नौ दिन नवकार आराधना में रविवार को अच्छी वर्षा के लिए जाप किये।

ग्रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने बताया कि सैकड़ों आराधकों ने जाप, पारस इकतीसा, भक्तांबर, स्त्रोत चेत्यवंदन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियां की। 24 अगस्त के बंपर गिफ्ट के लाभार्थी राजेश रश्मि पटनी द्वारा दो चांदी के सिक्के दिये वहीं नौ गिफ्ट के लाभार्थी अशोक दर्डा, मंडल की गिफ्ट के लाभार्थी मनोज अंजू ऐश्वर्य माधुर्य सुराणा तथा प्रभावना के लाभार्थी अभय ममता दाता रहे। साथ ही एक गुप्त लाभार्थी द्वारा भी प्रभावना वितरित की गई। बंपर गिफ्ट आरव जैन को मिला। लक्की ड्रा डिजिटल तकनीक द्वारा धर्मेंद्र जैन ने निकलवाए। आकर्षण सिद्धचक्र बालिका मंडल खाराकुआं रहा। मंडल का बहुमान अवंती पार्श्वनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज अंजू सुराणा, रमेश चोपड़ा, महेश मधु घूघरिया, प्रमोद चंचल पटवा, अनिल तारा जैन, संतोष तारा सालेचा, जिनेश सराफ, अंकित अमीषा जैन, वीरेंद्र ध्रुव गोलेछा, राजेश अनीता सोनी, धर्मेंद्र जैन, अशोक दर्डा, नितेश नाहटा, निलेश नाहर, प्रदीप किरण नाहटा, नवीन शीतल कोठारी, ललित मनीषा कोठारी, पीयूष ज्योति चोरड़िया, संतोष कोठारी, अमित बाठिया, दंपति अल्पेश दुग्गड, जय जैन, अवि नाहटा, दिव्यांशी कोठारी, ईशा सोनल जैन उपस्थित रहे।

# हरतालिका तीज-पटनी बाजार के सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर में 25 की रात 12 बजे लगेगी 24 घंटे के लिए अनवरत कतार

## महिलाएं अखंड सौभाग्य एवं युवतियां अच्छे वर की कामना करते हुए रहेगी निराहार

उज्जैन। नगर के प्रसिद्ध चैरासी महादेव में से 61वें पटनी बाजार स्थित श्री सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर पर हरतालिका तीज पर्व के अवसर पर 25 अगस्त सोमवार की रात 11 बजे पंचामृत पूजन के पश्चात दर्शन का क्रम शुरू होगा, जो 26 अगस्त मंगलवार की रात 12 बजे तक चलेगा। इस दौरान नगर सहित देश, प्रदेश की हजारों महिलाएं व युवतियां दर्शन, पूजन एवं कथा श्रवण करने के लिए श्री सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। श्री सौभाग्येश्वर नवयुवक मंडल ने नगर निगम, पुलिस एवं जिला प्रशासन से पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।



मंदिर के शासकीय पुजारी पं. प्रवीण पंड्या व प्रतिनिधि पं. राजेश पंड्या एवं मंडल संयोजक संजय बांठिया ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार भाद्र माह की शुक्ल पक्ष की हस्त नक्षत्र युक्त तृतीया तिथि में महिलाएं निराहार व निर्जल रहकर सौभाग्य की कामना करती है एवं युवतियां शिव के समान सु-वर प्राप्ति के लिए व्रत एवं आराधना करती है। कथानुसार आयुष्मती पार्वती ने शिव के वरण की कामना से अपने पिता हिमालय के यहां दीर्घ काल तक अन्न, जल त्यागकर व्रत किया था। उनकी तपस्या से महादेव प्रसन्न हुए और पार्वती ने उनका वरण किया, तभी से महिलाएं इस परंपरा का निर्वाह कर रही हैं।

मंडल संयोजक सहित सदस्यों ने प्रशासन से पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर, पानी व धूप से बचने के लिये शामियाना, समुचित साफ-सफाई, दवाई डालने, महिला पुलिस बल एवं पर्याप्त लाइट प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की है। यातायात पुलिस से गोपाल मंदिर से पटनी बाजार वाले मार्ग पर चैपहिया वाहन प्रतिबंधित करने सहित यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। मंडल के उमेश पंड्या, पार्षद अर्पित दुबे, प्रहलाद नीमा, अशोक जड़िया, कुलदीप जोशी, दिग्विजय जोशी, वैद्य शैलेंद्र जोशी, लोकेंद्र श्रोत्रिय, आनंद गर्ग, अनिल राय, आशुतोष जोशी एवं महिला मंडल की अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद धनेश्वरी जोशी, वेणुकांता पंड्या, विष्णुकांता पंड्या, निर्मला बांठिया, तरूणा जोशी, आभा बांठिया आदि ने महिलाओं से मंदिर पंहुचकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

# 200 विद्यार्थियों के साथ माता-पिता ने बनाना सीखे मिट्टी के गणेश



उज्जैन। लायंस क्लब अवंतिका एवं दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लिटिल स्टार स्कूल विद्यापति नगर पर ÷प्रकृति का यही संदेश घर घर हो मिट्टी के गणेश के संकल्प को पूरा करते हुए कार्यशाला आयोजित की गई।

सोसायटी अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन के अनुसार कार्यशाला में 200 विद्यार्थियों, उनके पेरेंट्स एवं स्कूल स्टाफ तथा कॉलोनी के अन्य रहवासियों ने मुख्य प्रशिक्षक कैलाश श्रीमाली से मिट्टी के गणेश जी बनाना सिखा एवं प्रकृति की रक्षा एवं उसके संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ लायन सदस्य लायन अनिल गोयल कप्तान, क्लब अध्यक्ष लायन रवि श्रीमाली, क्लब सचिव लायन शरद शर्मा, स्कूल प्राचार्य बबीता पराशर, डायरेक्टर समीर पाराशर तथा स्कूल स्टाफ अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com